**खबर संक्षेप**

### जान जोखिम में डालकर पुल-पुलिया पार न करने जिला प्रशासन की अपील

शहडोल। जिले में लगातार दो दिनों से हो रही बारिश के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है, जिले में क ई क्षेत्रों में जल भराव तथा पुल, पुलियों एवं रपटों में ऊपर से पानी बहने के कारण आवागमन प्रभावित हुआ है। कलेक्टर डॉ.केदार सिंह तथा पुलिस अधीक्षक श्री राम जी श्रीवास्तव सहित प्रशासनिक अधिकारी लगातार बाढ़ आपदा की निगरानी करने के साथ ही जिले के विभिन्न क्षेत्रों से जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। लगातार बारिश से कई स्थानों में पुल, पुलियों एवं रपटों के ऊपर से पानी बह रहा है, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने अपील की है कि बाढ़ की स्थिति में जान जोखिम में डालकर पुल पुलिया पार नहीं करें, बरसाती नालों में कभी बाढ़ जैसी स्थिति बन सकती है, जिले में क ई स्थानों में जहां पुल, पुलियों तथा रपटों में ऊपर से पानी बह रहा है, वहां बैरीकेडिंग तथा स्थानीय लोगों को लगाकर जानकारी देने का काम किया गया है, फिर भी हर व्यक्ति को अपनी सुरक्षा की ज़िम्मेदारी स्वयं निर्वहन करनी चाहिए। आपने बताया कि मौसम विभाग व्दारा आगे भी बारिश की चेतावनी दी गई है, जिला प्रशासन द्वारा स्वयं को सुरक्षित रहने के लिए बाढ़ आपदा से बचाव में सहयोग प्रदान करें। कलेक्टर ने लोगों से अपील की है कि पुल-पुलियों में जहां पानी ऊपर से बह रहा है, वहां एकत्र नहीं हो, कभी भी पानी का स्तर बढ़ सकता है और आपकी जान को जोखिम हो सकता है। बरसते हुए पानी में यात्रा नहीं करें, जिले में सभी एस. डी.एम. सीईओ जनपद पंचायत तथा थाना प्रभारियों को बाढ़ आपदा की मानीटरिंग के निर्देश दिए गए हैं,किसी भी तरह की सहायता के लिए एस. डी.एम., सीईओ जनपद पंचायत, थाना प्रभारियों तथा कन्ट्रोल रूम में जानकारी दी जा सकती है।

### जिला शिक्षा अधिकारी सहित प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मरपाची एवं प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल संकन्दी विकासखंड ब्यौहारी श्रीमती राधिका तिवारी को विगत कुछ दिनों से सोशल मीडिया में वायरल बिल भुगतान के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया है तथा 3 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि विगत कुछ दिनों से सोशल मीडिया में वायरल बिल भुगतान के संबंधी समाचार के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) ब्यौहारी, अवगत कराया है कि 02 जुलाई को शासकीय हाई स्कूल संकन्दी की जांच मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ब्यौहारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ब्यौहारी के साथ औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य गुणवत्ताहीन एवं अधूरा पाया गया है। कार्य को पूर्ण किए बिना राशि का आहरण कर लिया जाना वित्तीय अनियमिता परिलक्षित करता है। वर्तमान में आप संस्था की प्राचार्य हैं। आपकी संस्था में चल रही वित्तीय अनियमित्ता, गुणवत्ताहीन एवं अधूरा कार्य की जानकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाना आपका कर्तव्य था। आपका उक्त कार्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं संस्था मुख होने के नाते गंभीर लापरवाही एवं उदासीनता का घोतक है। जो कि म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत होकर अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। स्पष्ट करें कि क्यों न उक्त कृत्य के लिए आपके विरुद्ध शास्ति अधिरोपण तथा म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावे। इस बारे मे आप अपना जबाव 03 दिवसों के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। जवाब संतोषजनक न होने अथवा नियत समयावधि में प्रस्तुत न किए जाने की स्थित में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

**सकंदी के प्रभारी प्राचार्य निलंबित**
कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने विगत कुछ दिनों से सोशल मीडिया में वायरल बिल भुगतान के संबंधी समाचार के संबंध में मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9 के अंतर्गत तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य सुग्रीव शुक्ला (प्राथमिक शिक्षक) शासकीय हाई स्कूल सकन्दी तहसील ब्यौहारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में श्री शुक्ला का मुख्यालय को खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जयसिंहनगर जिला शहडोल नियत किया जाता है।

### चौराहों से लेकर अस्पताल, बैंक, घरों में घुसा पानी

# मूसलाधार बारिश ने खोली प्रशासनिक व्यवस्था की पोल

एक सप्ताह से मौसम मेहरबान है, शनि-रविवार देर रात शुरू हुई बारिश के बाद सुबह तक झमाझम बारिश हुई, मूसलाधार बारिश से नाले और नालियां उफना गए। चारों ओर पानी ही पानी नजर आया। सबसे बुरा हाल शहर के गांधी चौक-रेलवे स्टेशन सहित जिला चिकित्सालय का रहा, हाउससिंग बोर्ड कालोनी में तो, घरों में पानी घुस गया, इसके अलावा मेडिकल कॉलेज से भी संपर्क टूट गया, जिससे प्रशासन के विकास की पोल खुलकर सामने आ गई।














शहडोल।

जिले में लगातार मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्डों में पानी भर जाने से मरीजों को अन्य वार्डों में शिफ्ट करना पड़ा। रेलवे स्टेशन भी जलमग्न हो गया है, जिससे यात्री परेशान हैं। खूंटा नदी जैतपुर के खपर पुल से तीन फीट ऊपर बह रही है, जिससे छत्तीसगढ़ को जोडऩे वाला भीतरी मार्ग बंद कर दिया गया है। मूसलाधार बारिश ने प्रशासनिक व्यवस्था पोल खोल कर रख दी, हर ओर पानी ही पानी और उससे होने वाली समस्याएं ही नजर आ रही हैं। कई नदी नाले उफान में हैं, तो कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। अस्पताल हो या रेलवे स्टेशन सब इस बारिश के भेंट चढ़े हुए हैं। एक ओर अस्पताल के वार्डों में पानी भरा होने से मरीज परेशान हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर रेलवे स्टेशन पूरी तरह पानी में डूबा हुआ है।

#### बैंक में भरा पानी

एक्सिस बैंक सहित शहर के कई बड़े सरकारी और निजी संस्थानों में भी जलभराव की स्थिति बनी, रेलवे स्टेशन पर रेल पटरियों में पानी भर गया, जिससे ट्रेनों की आवाजाही बाधित हुई, सवाल यह है कि जब हर साल बरसात होती है, तो नगर प्रशासन इसकी पूर्व तैयारी क्यों नहीं करता? बारिश ने एक बार फिर नगरपालिका द्वारा कराए गए विकास कार्यों की पोल खोलकर रख दिया है। कुछ घंटों की बारिश के कारण शहर की अधिकांश सडक़ें कीचड़ से सराबोर हो चुकी हैं, जिन पर चलना मुश्किल हो रहा है। हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में बीते वर्ष की तरह इस वर्ष भी पानी भर गया, इसके अलावा शहर का केन्द्र गांधी चौक जलमग्न हो गया, कुल मिलाकर शहर की कोई ऐसी सडक़ नहीं रही, जिस पर विकास की नाव तैर न सके।

#### मरीजों को कराया गया शिफ्ट

जिला चिकित्सालय के तीन वार्डों में पानी भर जाने से वार्ड के मरीज को दूसरे वार्डों में शिफ्ट किया गया है। बीती रात जिले में हो रही झमाझम बारिश की वजह से जिला अस्पताल के सर्जिकल मेल और फीमेल वार्ड में पानी भर जाने से मरीजों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। दो घंटे तक जवाबदार मौके से नदारत रहे। मौके पर मीडिया कर्मी पहुंचे तो मरीजों का समस्याएं बतानी शुरू की। कुछ देर बार सिविल सर्जन खुद मौके पर पहुंचीं और जिला अस्पताल के गार्डों से मरीज को अन्य वार्डों में शिफ्ट कराया गया। जिला अस्पताल में पानी भरने के बाद मेडिकल कालेज से भी संपर्क टूट गया था, मेडिकल कॉलेज जाने वाले मार्ग में नाला उफान होने के बावजूद मरीजों और मेडिकल स्टाफ जान जोखिम में डालकर सरकारी वाहनों को नाले पार कराते नजर आये, 3 घंटे से ज्यादा समय तक मेडिकल कॉलेज से संपर्क टूटा रहा।

#### उफान पर खूंटा नदी

जैतपुर के खपर खूंटा नदी पुल से तीन फीट ऊपर बह रही है। इस कारण मार्ग पूरी तरह से बंद हो गया है। रविवार सुबह मौके पर पुलिस बल की तैनाती की गई। यह मार्ग छत्तीसगढ़ को जोडऩे का एक भीतरी मार्ग कहलाता है, जो बंद है। थाना प्रभारी जैतपुर जिया उल हक ने कहा नदी पुल से ऊपर बह रही है। जिससे मार्ग बंद कराया गया है। हमने पुलिस टीम को मौके पर लगाया है।

#### खतरे के निशान के ऊपर मुडऩा

संभागीय मुख्यालय के निचले स्तर में जल भराव हो जाने से लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सोहागपुर के भूसा तिराहे के पास कई दुकानों के भीतर पानी भर गया है। शहडोल से उमरिया जाने वाले मार्ग में स्थित मुडऩा नदी उफान में है। खतरे के निशान से नदी ऊपर बह रही है। लोग नदी के ऊपर खड़े होकर इस नजारे को देख रहे हैं। मौके पर पुलिस बल नदारत है। यह मार्ग शहडोल से उमरिया और कटनी को जोड़ता है।

#### घरों में घुसा पानी

ग्राम पंचायत केशवाही में बरसात के कारण लोगों को आवामन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा, पानी के भराव के कारण लोगों के घरों के अंदर रखा सामान खराब हो गया, वहीं बिजली के करंट का खतरा भी बना रहा, यह स्थिति न केवल केशवाही में रही, बल्कि आस-पास के कई गांवों की भी यही स्थिति रही। शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात को मझौली क्षेत्र के महरान टोला में मकान की दीवार गिर जाने से दो लोगों की दब जाने से मौत भी हो गई।

#### ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों की लापरवाही

ग्राम पंचायत के जिम्मेदार लोगों की लापरवाही के कारण बरसात का पानी गांव के अंदर भर गया और जिसके चलते लोगों को नुकसान हुआ है। ग्रेवल रोड बनाते समय पानी की निकास व पुलिया निर्माण कार्य नहीं कराया गया, जिसके चलते हालात बदतर हो गए, बरसात का पानी गांव में ऐसे भरा कि जैसे तालाब हो। केशवाही ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक ने अपने प्रभार के दौरान ग्रेवल रोड का निर्माण कराया था और पानी की निकासी का कोई रास्ता नहीं बनाया था। अब हालात बदतर नजर आ रहे हैं। अब यहां की हालत को सुधारने के लिए न तो सरपंच आगे आ रहे हैं और न ही सचिव। हालाकि इस दौरान कलेक्टर ने नाकाबंदी करवा दी, नदी जहां से गुजरती है, वहां के पुल और रपटों पर आना-जाना रोक दिया गया।

## पुलिस अधीक्षक व कलेक्टर ने भी दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**शहडोल।** अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में जिला प्रशासन द्वारा सामूहिक रूप से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव द्वारा पौधों का रोपण किया गया। पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर द्वारा सेल्फी पॉइंट के माध्यम से फोटो खिंचा कर नागरिकों को भी अभियान से जुडऩे के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा पर्यावरण की रक्षा केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह हमारी सतत जिम्मेदारी है। प्रत्येक नागरिक यदि एक पौधा लगाए और उसका संरक्षण करे तो, हम आने वाली पीढिय़ों को एक सुरक्षित व हरित भविष्य दे सकते हैं।

## डायरिया का प्रकोप, एक की मौत, सात भर्ती



**उमरिया।** जिला मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम मरदरी में डायरिया फैलने की खबर से खलबली मच गई है, जहां उल्टी-दस्त के कई मामले प्रकाश में आए हैं। खबर है कि अब तक इसकी वजह से एक 50 वर्षीय महिला शान्ति बाई की मौत हो चुकी है, लगभग सात महिला बच्चों सहित ग्रामीणों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम मरदरी गांव पहुंची है और घर घर जाकर जॉच शुरू कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने प्राथमिक रूप से दूषित पानी को बीमारी का कारण माना है। गांव के जल स्त्रोतों की जांच की जा रही है और लोगों को हैंडपंप तथा कुओं के पानी को फिल्टर कर या उबालकर इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है।

## दीवार के नीचे दबने से हुई बुजुर्ग दंपत्ति की मौत

**शहडोल।** जिले के केशवाही चौकी अंतर्गत ग्राम मझौली में जवाहर महरा उम्र 65 वर्ष एवं उनकी पत्नी डोमनिया महरा उम्र 60 वर्ष अपने घर के भीतर सो रहे थे, बीती रात हुई तेज बारिश में दीवार ढहने से बुजुर्ग दंपत्ति की दबने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार घटना सुबह 4 बजे की है। जब अचानक दीवार उनके ऊपर गिर गई। वहीं बुजुर्ग दंपत्ति का पोता पास ही सो रहे था, वह सुरक्षित है। पुलिस के अनुसार बाजू के कमरे में बुजुर्ग दंपत्ति के पुत्र और बहू सोए हुए थे। दीवार गिरने की तेज आवाज सुनकर दोनों ने दौड़ लगा दी और आस-पड़ोस के लोगों की मदद मांग कर मलबे को हटाया गया। घायल अवस्था में दोनों बुजुर्ग को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। पोता जो बुजुर्ग का दंपती के पास सोया हुआ था, वह जहां मालबा गिरा है वह उससे काफी दूर था। चौकी प्रभारी आशीष झरिया ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि कच्चे मकान की दीवार तेज बारिश के कारण भीग गई थी और रात में गिर गई। परिवार के अन्य सदस्यों ने तेज आवाज सुनकर दौडक़र मदद की। स्थानीय लोगों की मदद से मलबे को हटाकर दोनों को निकाला गया। तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी सुबह ही पुलिस को दी गई थी। जानकारी के बाद मौके पर पुलिस पहुंच अपनी जांच कर रही है। चौकी प्रभारी ने बताया कि मामले पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है, वरिष्ठ अधिकारियों को घटना से अवगत कराया गया है।

**स्व सहायता समूह तैयार किए गए उत्पादों से आय करें अर्जितः कलेक्टर**

## ग्रामीण आजीविका परियोजना द्वारा गठित स्व सहायता समूहों के सीएलएफ की बैठक संपन्न




शहडोल।

स्व सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं समूह की महिलाओं के सामाजिक आर्थिक उन्नयन के साथ जरूरत मंद गांव की अन्य महिलाओं की भी मदद करें। जिससे उनके जीवन में परिवर्तन आ सके। समूह की महिलाओं द्वारा वर्तमान में विभिन्न प्रकार की आर्थिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इन छोटी-छोटी गतिविधियों को वृहद रूप देने की आवश्यकता है, जिससे उन्हें अधिक लाभ मिल सकेगा। यह निर्देश कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित ग्रामीण आजीविका परियोजना द्वारा गठित स्व सहायता समूहों के सीएलएफ की बैठक में दिए। बैठक में आजीविका परियोजना के जिला समन्वयक अजय सिंह, अग्रणी बैक प्रबंधक, जिला प्रबंधक तथा ब्लाक समन्वयक एवं सीएलएफ की दीदियां उपस्थित रहीं।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा कि समूह के सदस्यों को लाडली बहना योजना का लाभ भी मिल रहा है। सभी लाडली बहनें 250 रूपए प्रतिमाह की दर से बचत करेंगी तो हर महीने जिले में 3 करोड़ रूपए की बचत हो जाएगी। इस राशि का उपयोग समूह की महिलाएं व्यक्तिगत कार्यों तथा अपनी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने में कर सकती हैं। वर्तमान में समूह की महिलाओं द्वारा अगबत्ती निर्माण, सिलाई कार्य, खेती एवं उद्यानिकी, बकरी पालन, डेयरी, वनोपज संग्रहण, दीदी कैफे आदि जैसी अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इन गतिविधियों का स्वरूप छोटा होने के कारण परिणाम उत्साह जनक नहीं मिल पाते हैं। जिले में संचालित सीएलएफ क्लस्टर वार गतिविधियों का चयन कर कई समूहों को जोडक़र वृहद स्तर पर उत्पादन प्रारंभ करने से आय में वृद्धि की जा सकती है। कलेक्टर ने कहा कि जिले में विकास खंड स्तर पर आजीविका भवन बनाए गए हैं। इन भवनों का उपयोग समूह द्वारा तैयार किए गए उत्पादों के विक्रय के लिए भी किया जाए। जिले भर में चैन बनाकर समूहों द्वारा उत्पादित सामग्री इन विक्रय केन्द्रों से बेची जा सकती है। इससे समूह की गतिविधियां बढ़ेगी तथा आर्थिक आय में भी वृद्धि होगी। कलेक्टर ने कहा कि जिले में 12428 स्व सहायता समूह गठित किए गए हैं। जिनसे 146000 परिवारों को जोड़ा गया है। समूह की महिलाएं समूह द्वारा उत्पाद का उपयोग प्रारंभ करें तो कई समूहों को स्वरोजगार से जोड़ा जा सकता है। इसके साथ ही समूह की महिलाएं सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी अग्रणी भूमिका निभा सकती हैं। कलेक्टर ने कहा कि कुपोषण अभियान, क्षय उन्मूलन, स्कूली बच्चों को स्कूल में नियमित भेजने आदि कार्यों में भी समूह की महिलाएं अग्रणी भूमिका निभाएं। ग्रामीण आजीविका परियोजना के जिला समन्वयक जय सिंह द्वारा जिले में संचालित समूहों की गतिविधियों की जानकारी दी गई।

## भाजपा राज में भ्रष्टाचार, अधिकारियों को चाहिए नया बंगाल और बड़ी कार

शहडोल।




*जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने कहा है कि, भाजपा राज मे भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा को पार कर चुका है। जिसका एक प्रत्यक्ष बड़ा उदाहरण सरकारी स्कूलों मे मरम्मत के नाम पर लाखों का घोटाला है, जहां फर्जी बिल लगा कर लाखों की राशि आहरित कर ली गई। जो पैसा बच्चों की सुविधाओं के लिए उनके भविष्य निर्माण के लिए उपयोग किया जाना था, उसका फर्जी कार्य दिखा कर लाखों रुपए का बंदरबांट कर लिया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि, जिले की समस्त स्कूलों की जांच कराई जाए और ऐसे भ्रष्टाचारी जो छात्रों के सुविधाओं का पैसा हड़प कर जाते हैं, छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं, उनके खिलाफ एक विशेष जांच टीम बना कर जांच कराई जाए व उनसे न सिर्फ वसूली की जाए बल्की सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। सुभाष गुप्ता ने कहा कि जिले के बड़े व जिम्मेदार अधिकारी अपनी मनमर्जी चला रहे हैं, इन्हें बड़े-बड़े नए बंगले चाहिए, लेकिन इनकी नाक के नीचे हो रहे भ्रष्टाचार की इन्हें कोई परवाह नहीं है।*

**डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर अर्पित की गई पुष्पांजलि**

## जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ पुष्पांजलि अर्पित कर बनाई जयंती

**शहडोल।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर संभागीय मुख्यालय नगर के कमला नगर स्थित अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया, डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जन्मजयंती के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा के मार्गदर्शन में भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा एवं नगर अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की छायाचित्र पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं के साथ पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वही पुष्पांजलि कार्यक्रम के पश्चात डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति एवं जयंती के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यालय परिसर में फलदार पौधों का रोपण भी किया गया।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका बलिदान आजाद भारत का पहला राजनीतिक बलिदान है जो देश के लिए हुआ। हम सभी को यह भी याद रखने की आवश्यकता है कि देश में आजादी के बाद जनसंघ के कार्यकर्ताओं के साथ कैसा व्यवहार इस देश मे होता था, बावजूद इसके कार्यकर्ताओं ने विपरीत परिस्थितियों में भी राष्ट्र के लिए समर्पित रह कर देश की सेवा की है हम सभी को भी प्रेरणा लेना चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा, जिला महामंत्री संतोष लोहानी जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट, नगर मंडल अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष आदित्य चपरा, अमित गुप्ता बंटी, अभिषेक चौकसे, नागेंद्र गोले, राकेश कनौजिया, प्रदीप गुप्ता, बृजेंद्र वर्मा, नगर मंत्री अंजना गुप्ता, राजेश सोनी, सीमा सराफ, राकेश कनौजिया,आयुष पाण्डेय, चन्द्रकान्त दुबे, नगर कोषाध्यक्ष अमन खरया, नगर सह कोषाध्यक्ष प्रयाग महाजन, नगर



कार्यालय मंत्री अंकित सराफ, नगर सह-कार्यालय मंत्री मोहित कुमार गुप्ता, नगर सोशल मीडिया प्रभारी बृजेन्द्र वर्मन, नगर सहसोशल मीडिया प्रभारी आदित्य पाण्डेय, नगर मीडिया प्रभारी अमित दुबे, नगर सह-मीडिया प्रभारी अजय मोटवानी, नगर कार्यालय प्रभारी प्रदीप गुप्ता, नगर आई.टी. सेल प्रभारी लवकेश तिवारी सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### पानी के बहाव से पुल के ऊपर का उखड़ा डामर

**उमरियापान।** उमरियापान ढीमरखेड़ा मार्ग में गर्राघाट पुल के ऊपर का डामर पानी के बहाव में उखड़कर बह गया है। नीचे का लोहा और गिट्टियां बाहर निकल आई है। यहाँ पुल के नीचे से पानी बहने पर हिलकोरे ऊपर तक आती है। पुल ऊपर पानी होने पर कभी भी हादसा हो सकता है। जिम्मेदारों ने अब तक कोई सुध नहीं लिया है।पुल से आवाजाही कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।अगर समय रहते पुल पर सुधार कार्य नहीं कराया गया है तो कभी भी अनहोनी हो सकती है।पुल के ऊपर पानी बहने से सड़क का गढ्ढा दिखाई नहीं देता है, ऐसे में आवाजाही करने वालों को तकलीफ हो रही है।

### जिले में अब तक 276.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से शनिवार 5 जुलाई तक कुल 276.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल स्लीमनाबाद तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 411.2 मिलीमीटर वर्षा हुई है। जिले में इसी अवधि में बीते वर्ष कुल 108.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 154.3 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 220.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 313.8 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 267 मिलीमीटर, बरही तहसील में 203 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 267.1 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 199.1 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 411.2 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 329.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### जहरीले पदार्थ के सेवन से युवक की मौत

**सिलौडी।** सिलौंडी चौकी के नेगाई गांव निवासी बेड़ी लाल साहू पिता मगन लाल साहू ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि युवक मानसिक रूप से कमजोर था। घटना की जानकारी मिलने पर चौकी प्रभारी विष्णु शंकर जायसवाल ने स्टाफ के साथ पहुंचकर पंचनामा बनाकर मामला कायम किया। शव को पोस्टमार्टम हेतु अस्पताल भिजवाया। मामले की जांच की जा रही है।

### विधायक ने अस्पताल भवन का किया निरीक्षण

**कटनी।** जिला चिकित्सालय परिसर में लगभग 9 करोड़ की लागत से बन रहे सुपर स्पेशलिटी अस्पताल भवन का विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने निरीक्षण किया। उन्होंने भवन के विभिन्न हिस्सों का बारिकी से निरीक्षण किया और भवन के निर्माण कार्य को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधायक पाठक ने बताया कि भवन का प्रारंभिक निर्माण लगभग पूर्ण कर लिया गया है। अब भवन की फिनिशिंग का कार्य शेष है, जिसे दो से चार माह के अंदर पूर्ण करा लिया जाएगा और फिर नवनिर्मित सर्वसुविधायुक्त अस्पताल भवन में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराकर उसे आम जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। विधायक ने बताया कि भवन का ढांचा तैयार हो चुका है, अब फिनिशिंग और कनेक्टिविटी का कार्य बाकी है। नई बिल्डिंग को पुराने भवन से जोड़ने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू होगी। इसके लिए अस्पताल प्रबंधन से समन्वय स्थापित कर कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग को खाली कराकर वहां से नए भवन के पोर्च को जोड़ा जाएगा। इस कार्य में लगभग 4 से 5 माह का समय लगेगा। इसके बाद नए भवन में स्वास्थ्य से संबंधी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### खतरे के निशान के करीब पहुंच जल स्तर

# जोहिला बांध के चार गेट खोले गए, अलर्ट जारी

उमरिया

**लगातार हो रही मूसलधार बारिश के कारण जिले के बिरसिंहपुर पाली स्थित संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र के अधीन संचालित जोहिला बांध का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रविवार को बांध के चार गेट खोल दिए गए, जिससे जल का तेज़ बहाव निचले क्षेत्रों की ओर होने लगा है। गौरतलब है कि पहले सिर्फ दो गेट खोले गए थे, लेकिन बीते 24 घंटों में तेज़ बारिश के कारण जलस्तर में और वृद्धि होने से अब चार गेट खोलने का निर्णय लेना पड़ा। इस निर्णय का उद्देश्य बांध पर बढ़ते दबाव को कम करना और संरचना की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।**










### बांध क्षेत्र में उमड़ी भीड़, सतर्कता के निर्देश

जैसे ही गेट खोलने की सूचना फैली, आसपास के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग बांध का नजारा देखने पहुंच गए। जोहिला नदी में बढ़ते जल प्रवाह का दृश्य मनोहारी तो है, लेकिन प्रशासन ने लोगों को बांध क्षेत्र से दूर रहने की अपील की है। संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन द्वारा जल स्राव की गति और स्तर पर लगातार निगरानी की जा रही है। आपात स्थिति से निपटने के लिए बांध क्षेत्र में कर्मचारियों की तैनाती कर दी गई है। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए बांध के आसपास बैरिकेड्स लगवाए हैं और पुलिस बल की भी तैनाती की गई है।

### प्रभावित क्षेत्रों में अलर्ट जारी

बांध से छोड़े गए पानी का असर निचले इलाकों में दिखने लगा है, जिससे कुछ क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसको देखते हुए जिला प्रशासन ने निचले इलाकों के ग्रामीणों को सतर्क रहने की चेतावनी जारी की है। साथ ही, ग्राम सचिव, पटवारी और पंचायत प्रतिनिधियों को किसी भी आपात स्थिति में तुरंत राहत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

### 24 घंटे में 32.8 मिमी वर्षा

अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले में बीते 24 घंटों में 32.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। सबसे अधिक वर्षा पाली (58.2 मिमी) और नौरोजाबाद (53.6 मिमी) में हुई है। अन्य क्षेत्रों में बांधवगढ़ में 28.6 मिमी, मानपुर में 24.5 मिमी, चंदिया में 22.8 मिमी, करकेली में 28.9 मिमी और बिलासपुर में 13.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### पिछले वर्ष की तुलना में वर्षा कम

हालांकि वर्तमान वर्षा प्रभावित कर रही है, लेकिन गत वर्ष इसी अवधि तक 724.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी, जो इस वर्ष की तुलना में लगभग दोगुनी है। बीते वर्ष बांधवगढ़ में मात्र 165.2 मिमी, मानपुर में 113.7 मिमी, पाली में 104 मिमी, नौरोजाबाद में 117.6 मिमी, चंदिया में 76.8 मिमी, करकेली में 79.2 मिमी और बिलासपुर में 68 मिमी वर्षा हुई थी।

### प्रशासन की अपील

प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे किसी भी जलभराव या नदी किनारे जाने से बचें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। मौसम विभाग ने आने वाले 48 घंटों में और भारी बारिश की संभावना जताई है, जिससे जिले के अन्य जलाशयों और नदियों की स्थिति पर भी प्रशासन की निगरानी जारी है।

र्र्

# बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष स्थापित, अधिकारी कर्मचारियों की लगाई गई ड्युटी

उमरिया।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिले में अति वर्षा एवं बाढ़ की किसी भी स्थिति से निपटने के लिए कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 25 भू तल में बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है । जिसका दूरभाष क्रमांक 07653-222988 है । कक्ष के प्रभारी अधीक्षक भू अभिलेख लक्ष्मीकांत शर्मा होगे जिनका मोबाइल नंबर 9827861039 है । उनकी अभिरक्षा में अधिकारी, कर्मचारियों की ड्युटी 15 जून से लगाई गई है ।

उन्होने बताया कि प्रथम पारी में प्रातः 6 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक के लिए संजय कुमार सिंह उपयंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, रावेन्द्र सोधियां सहायक ग्रेड-03 उद्यानिकी विभाग, राकेश कुमार सोधियां भृत्य तहसील कार्यालय बांधवगढ़, व्दितीय पारी में अपरान्ह 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक के लिए क्षितिज सिंह उपयंत्री लोक निर्माण विभाग, सुशील कुमार बर्मन हैंडपंप टेक्नीशियन कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, शिवकरण बैगा भृत्य कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी तथा तृतीय पारी में रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक के लिए अजय धुर्वे उपयंत्री ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा, अजय सिंह उइके सहायक वर्ग-3 तथा रमेश सिंह भृत्य कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग की ड्युटी लगाई गई है । कक्ष के नोडल अधिकारी प्रमोद कुमार मार्को कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा होगे जिनका मोबाइल नंबर 9425854540 है । इसी तरह कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग सरोज सिंह ठाकुर नोडल अधिकारी, एस पी कुंभकर उपयंत्री कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग , सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव सहायक वर्ग - 3 मत्स्य विभाग तथा जितेन्द्र कुमार यादव भृत्य लोक निर्माण विभाग को रिजर्व में रखा गया है ।

कलेक्टर ने कहा है कि कर्मचारी अपनी उपस्थिति अधीक्षक भू अभिलेख उमरिया को देंगे एवं अधीक्षक भू अभिलेख कर्मचारी की उपस्थिति विषयक प्रतिवेदन प्रभारी अधिकारी राहत शाखा उमरिया को प्रति दिवस भेजेगे । उन्होने कहा कि तैनात अधिकारी, कर्मचारी बाढ़ आपदा संबंधी प्राप्त सूचना की जानकारी एक पंजी में लिपिबध्द करेंगे तथा तत्काल सूचना संयुक्त कलेक्टर को देगें विलंब तथा जानकारी उपलब्ध न कराने की स्थिति में घटित घटना, दुर्घटना की जवाबदारी उनकी स्वयं की होगी । बाढ़ आपदा में प्रभावित होने वाले उपखंड मानपुर अंतर्गत ग्रामों के प्रभारी अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मानपुर होंगे वे तहसील स्तर पर भी नियंत्रण कक्ष की स्थापना कर सकेगें ।

# उल्टी दस्त की शिकायत मिलने पर किया जा रहा ईलाज



**उमरिया।** ग्राम मरदरी विकासखंड करकेली में उल्टी दस्त की जानकारी आशा कार्यकर्ता द्वारा 5 जुलाई को संध्याकालीन उच्च अधिकारियों को दी गई जिस पर टीम 6 जुलाई 2025 को आशा कार्यकर्ता रामकली सिंह द्वारा कुमारी कलावती पिता बुद्धू सिंह बालिका 8 वर्ष एवं शसुलोचना पिता छोटू सिंह 14 वर्ष बालिका को उल्टी दस्त होने पर तत्काल जिला चिकित्सालय रेफर कराया गया ।कलेक्टर के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वीएस चंदेल द्वारा तत्काल रैपिड रिस्पांस टीम की ड्यूटी विगत 5 जुलाई को मुख्य कार्यालय मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी के द्वारा ग्राम मरदरी में डोर टू डोर सर्वे का कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए दिया गए है साथ ही मरीज को प्राथमिक उपचार प्रदाय करने के संबंध में पत्र जारी कर डॉक्टर योगेश कर्वे , राम रामचंद्र यादव एमपी एस कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर सुपरवाइजर एएनएम की ड्यूटी आदेश जारी किया जा चुका था जिसके परिपालन में 6 जुलाई 2025 को ग्राम मरदारी में प्राप्त जानकारी अनुसार डॉक्टर योगेश कर्वे एवं अधीनस्थ स्टाफ उपस्थित होकर जांच उपचार एवं सर्वे के कार्य की निगरानी की जा रही है एनपीएस श्री रामचंद्र यादव के द्वारा बताया गया कि ब्लीचिंग पाउडर के माध्यम से कुआं एवं हैंडपंपों में निर्जलीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है एवं ग्राम में निरंतर निगरानी उपचार हेतु दवाएं उपलब्ध है आवश्यकता अनुसार रेफर सुविधा हेतु 108 वहां के माध्यम से उपचार करने हेतु मरीजों को जिला चिकित्सालय भी रेफर किया जा रहा है।

# एसईसीएल प्रबंधन ने श्रमसंघ प्रतिनिधियों से 9 जुलाई की आम हड़ताल में भाग ना लेने की अपील



**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** 05 जुलाई को एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन की अध्यक्षता में एसईसीएल इंदिरा विहार स्थित बिलासपुर भवन में एसईसीएल संचालन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। श्रम संगठनों द्वारा 09 जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रीय आम हड़ताल के संबंध में इस बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में निदेशक तकनीकी (संचालन सह योजना/परियोजना) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (एचआर) बिरंची दास तथा श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि – नाथूलाल पांडेय (एचएमएस), सुजीत कुमार सिंह (बीएमएस), अजय विश्वकर्मा (एटक), गोपाल नारायण सिंह (एसईकेएमसी), वी. एम. मनोहर (सीटू) एवं अनिल कुमार पांडेय (सीएमओएआई), एवं मुख्यालय के संबंधित विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में प्रबंधन ने श्रमिक संगठनों से 9 जुलाई को देश के विभिन्न श्रम संगठनों द्वारा बुलाई गई आम हड़ताल में भाग ना लेने एवं कोयला उत्पादन सुचारू रूप से जारी रखने में सहयोग करने की अपील की। बैठक में एक प्रस्तुति के माध्यम से कंपनी की उत्पादन एवं उत्पादकता के बारे में जानकारी दी गई।

# 8 एवं 9 जुलाई को बीएलओ का प्रशिक्षण

उमरिया।

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र के निर्देशानुसार बूथ लेबल आफिसर्स के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत जिला, विधानसभा क्षेत्र स्तर पर बीएलओ का प्रशिक्षण विधानसभा क्षेत्र 90 मानपुर के समस्त बीएलओ का प्रशिक्षण 8 जुलाई को तथा 89 बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के समस्त बीएलओ का प्रशिक्षण 9 जुलाई को प्रातः 11 बजे से सायं 6 बजे तक शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय में आयोजित किया गया है ।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर ट्रेनर्स, तकनीकी अधिकारी, कर्मचारी, भृत्य की ड्युटी कक्षवार लगाई है। उन्होने कहा कि समस्त मास्टर ट्रेनर्स अपने अपने कक्षवार बीएलओ को प्रशिक्षण देगे । श्री सुशील मिश्रा व्याख्याता डाइट उमरिया प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी तथा संजय पांडेय मंडल संयोजन जन जातीय कार्य विभाग सहायक नोडल अधिकारी होगे तथा निर्धारित दिनांक तथा समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम को आयोजित कराना सुनिश्चित करेंगे ।

उन्होने कहा है कि समस्त मास्टर ट्रेनर्स , तकनीकी, अधिकारी, कर्मचारी,भृत्य निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने निर्धारित प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित रहना सुनिश्चित करें तथा तकनीकी अधिकारी, कर्मचारी 7 जुलाई को अपरान्ह 4 बजे संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी से संपर्क कर प्रोजेक्टर प्राप्त कर अपने निर्धारित कक्ष में अनिवार्यतः इंस्टॉल कर नोडल अधिकारी को ओके रिपोर्ट अपने मास्टर ट्रेनर को देना सुनिश्चित करें । मास्टर ट्रेनर इसकी जानकारी नोडल अधिकारी को देंगे जिससे ट्रेनिंग समय सीमा में प्रारंभ हो सके।प्रशिक्षण समाप्ति उपरांत समस्त उपकरण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को सूचित करते हुए जिला निर्वाचन कार्यालय को जमा कराना सुनिश्चित करेंगे ।


# तीन दिनों से लगातार बारिश से अनूपपुर का जनजीवन, अर्थव्यवस्था दोनों हो रहे प्रभावित

**दिनभर हुई रुक रुककर झमाझम बारिश**
**निचली बस्तियों में भरा पानी, कहीं भवन से रिश रहा पानी तो सड़क चलने लायक नही**

पिछले 3 दिनों से हो रही लगातार दिन रात बारिश ने अनूपपुर में जनजीवन और अर्थव्यवस्था दोनों को प्रभावित किया है। बारिश के कारण कई इलाकों में जलजमाव हो गया है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। बताया जाता है कि नगर पालिका सहित ग्रामीण अंचलों में बारिश के कारण निचले इलाकों और शहरों में जलभराव हो गया है, जिससे लोगों को अपने घरों से निकलने में मुश्किल हो रही है। कई जगह ग्रामीण अंचलों में सड़कों पर पानी भरने से यातायात बाधित हो गया है, जिससे लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी हो रही है। बारिश के कारण उमस बढ़ गई है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ने लगी है। बारिश से कुछ फसलों को नुकसान भी हो सकता है। बारिश के कारण दुकानों और बाजारों में कम भीड़ हो रही है। जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। वही बारिश के कारण निर्माण कार्य भी बाधित हो रहे हैं। शहर सहित ग्रामीण अंचलों में कुछ बारिश के कारण बिजली गुल होने की भी खबर कुल मिलाकर, 3 दिनों से हो रही बारिश ने अनूपपुर में जनजीवन और अर्थव्यवस्था दोनों को प्रभावित किया है।

हरिभूमि न्यूज कोतमा।





नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही झमाझम बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो चला है। बारिश के कारण जहां नदी नालों व डैम में जलस्तर तेजी से बढ़ गया है वहीं पुराने व कच्चे घरों में पानी भरने से खतरा बढ़ गया है। पिछले तीन दिनों से नगर में लगातार रुक-रुक कर झमाझम बारिश का सिलसिला बना हुआ है। बारिश के कारण निचली बस्तियों में पानी भरने से लोग परेशान हो रहे है। लगातार हो रही बारिश के बाद नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ टीम के साथ लगातार केवई नदी, केरहा डेम सहित वार्डों में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते नजर आ रहे हैं । रविवार को सुबह से शुरू हुई रिमझिम बारिश के साथ ही झमाझम बारिश का दौर पूरे दिन चलता रहा। पिछले दो दिनों से बारिश के कारण नदी नाले उफान पर आ गए हैं। बारिश के कारण कोतमा से निग़वानी पहुंच मार्ग जहां पहले ही सड़क गड्ढो में तब्दील रही वह अब बदहाल सड़क ने छोटे-छोटे तालाब का रूप धारण कर लिया है जिसमें आने-जाने वाले लगातार दुर्घटना का शिकार होकर चोटिल हो रहे हैं। बारिश के कारण दर्जनों गांव की भी सड़के खस्ता हाल नजर आने लगी है। नगर पालिका क्षेत्र मे हाल ही निर्मित कई सड़क बारिश में पोल खोलते नजर आने लगी है। कई सड़क बहते नजर आ रही है तो कुछ जगह सड़क की गिट्टियां सड़कों पर बह रही है। नगर के वार्ड क्रमांक 5-6 के मध्य मुख्य मंत्री कायाकल्प योजना के तहत डामरीकृत सड़क का निर्माण कार्य ठेकेदार के द्वारा किया गया है एक माह भी नही बीते सड़क की डामर गिट्टी बारिश के कारण बहने लगी जिससे सड़क की गुणवत्ता की पोल खोल कर रख दिया। सड़क के गुणवत्ता को लेकर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष मनोज सोनी ने सीएमओ को शिकायत पत्र सौंपते हुए सड़क निर्माण कार्य पर प्रश्न चिन्ह खड़ा किया था। बारिश के कारण सड़क में गड्ढे ही गड्ढे होने शुरू हो गये हैं। सड़क बहने के कारण आवागमन गमन में दिक्कतो के साथ ही दो पहिया वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। नगर के स्टेशन चौक के पास बने दीनदयाल शापिंग काम्प्लेक्स का तो हाल बुरा है। झमाझम बारिश होने के कारण काम्प्लेक्स में बनी दुकानों मे छत की तीसरी मंजिल से नीचे बनी दूकानों के अंदर पानी चू रहा है जिसके कारण दुकानदार परेशान हैं उन्हें कोई बड़ी दुर्घटना घटित होने का अंदेशा बना हुआ है। इस संबंध मे दुकानदारों के द्वारा नगर पालिका के अधिकारियों से भी शिकायत की गई है। बस स्टैंड मे बने सुलभ शौचालय का भी हाल बारिश के कारण बेहाल है। पूरे काम्प्लेक्स की बिल्डिंग से पानी रिस रहा है। शौचालय की देखरेख करने वाले रतन ने बताया कि बारिश के कारण पूरे भवन की छत से पानी चू रहा है हमें सोने के लिए जगह ही नही है। मौसम के जानकारो के अनुसार आने वाले दो-तीन दिनों में अभी बारिश का क्रम बना रहेगा।

## खबर संक्षेप

### हेमंत कुमार तिवारी बने नोटरी



**ब्यौहारी-** तहसील ब्यौहारी- के अंतर्गत न्यू बरौंधा वार्ड क्रमांक 9 के निवासी हेमंत कुमार तिवारी अधिवक्ता को केंद्र सरकार से नोटरी नियुक्त किया गया वह केंद्र और राज्य सरकार से संबंधित कार्यों के लिए नागरिकों के आवेदनों को शपथ पत्र देंगे ब्यौहारी- क्षेत्र के केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त नोटरी हैं उनकी नियुक्ति पर इश्ट मित्रों ने शुभकामनाएं व्यक्त की हैं।

### बाढ आपदा से निपटने के लिये कंट्रोल रूम की स्थापना

**बिरसिंहपुर पाली:** बरसात की स्थिति को देखते हुए पाली तहसील में बाढ आपदा से निपटने के लिए कटोल रूम की स्थापना की गयी है। रामदीन प्रवाचक तहसीलदार को आपदा आपदा कंट्रोल रूम का प्रभारी एवं बंदे बैगा को सहायक नियुक्त किया जाकर निर्देशित आदेशित किया जाकर सूचित किया जाता है कि तहसील पाली अंतर्गत घटित इस प्रकार की घटना की जानकारी कंट्रोल रूम के माध्यम से प्राप्त कर वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल देंगे । इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने एक अपील करते हुए कहा है की कही पर भी बाढ की स्थिति हो तो नागरिक इन नंबरों पर तत्काल सूचित करें, साथ ही कही पर भी रपटा, पुल, पुलियो में बाढ का पानी होने पर पार नहीं करना और इसकी सूचना तत्काल प्रदान करें , ताकि प्रशासन मदद के लिए पहुँच सकें श्री रामदीन बैगा +918305627796श्री बंदे बैगा 7566241391

### पौधारोपण कर मनाई जन्मदिन की खुशियाँ

**कटनी।** मानव जीवन विकास समिति के सचिव व पर्यावरण विद निर्भय सिंह अपने कार्यकर्त्ता टीम के साथ मनाये अपना 61वें जन्मदिन के अवसर पर पेड़ लगाकर मनाई खुशियाँ। श्री सिंह ने अपने सन्देश में बताया की जीवन के लिए पेड़ो का बहुत ही महत्व है और आप सभी जिन लोगों तक मेरा सन्देश पहुंचे वे सभी लोग भी अपने जन्मदिन व अन्य उत्सव पर जरूर एक पेड़ लगाए। हम समिति के प्रयासों से प्रत्येक वर्ष हजारो पेड़ लगाते है और संरक्षित भी करते है। अभी इस वर्ष भी एक लाख पौधे लगाने की योजना है जिसे हम चिन्हित जगहों पर वृक्षारोपण कराना शुरू कर दिया है।

### झूलेलाल चालीहा महोत्सव का आयोजन 8 जुलाई से

**कटनी।** भगवान झूलेलाल चालिहा महोत्सव का आयोजन 8 जुलाई से 17 अगस्त सिंधी सेंट्रल पंचायत के सानिध्य में मनाया जाएगा। इस 40 दिवसीय चालिहा महोत्सव का भव्य शुभारंभ 8 जुलाई को सुबह 10 गणमान्य नागरिको तथा श्रृद्धालुओ की उपस्थिति में पं.दिनेश शर्मा व मंदिर के पुजारी जुगल किशोर पांडेय द्वारा पुज्य बहराणे साहिब की पूजा व भगवान झूलेलाल कि अखण्ड ज्योति पृज्जवलित के साथ व्रतधारियों के संकल्प बंधन से 40 दिवसीय चालिहा महोत्सव के वृतो की शुरुआत होगी। संजय खूबचंदानी ने यह भी बताया कि दसवी शताब्दी में सिंध प्रांत में मिर्ख बादशाह के अत्याचारो से निजात पाने के लिये हिन्दू लोगों ने, 40 दिनों तक सिंधु नदी के तट पर जल देवता की स्तुति की थी तभी से भगवान झूलेलाल चालिहा महोत्सव मनाया जाता है इस अवसर पर श्री झूलेलाल मंदिर गुरुनानक वार्ड में रोज़ाना विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा जिसमे सुबह 8:30 बजे व सायकाल 8 -9 बजे तक गीत-संगीत, पल्लव ,प्रथना, पूजा-अर्चना व प्रसाद वितरण इत्यादि आयोजन होंगे।

### पर्यावरण सरंक्षण व संवर्धन का दिलाया गया संकल्प

**स्लीमनाबाद।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत शनिवार को स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद मे पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम के तहत प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने छात्र - छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि वर्तमान मैं बढ़ते प्रकृति दोहन के कारण ग्लोबल वार्मिंग की समस्या उतपन्न हो रही है।

## अनुविभागीय अधिकारी की चहुंओर सराहना

# गाँव को बाढ़ से बचाने एसडीएम ने उठाया सब्बल

अति बरसात के कारण निर्मित बाढ की स्थिति से घनघोर बारिश में ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अंबिकेश प्रताप सिंह ने सुबह से ही क्षेत्र भमण में निकल कर जायजा लेने निकल गये , और शहडोल जिले के समीपवर्ती गाँव पहुंच गए।

बिरसिंहपुर पाली





वहा पर अति बर्षा के कारण गाँव के क ई घरों में पानी भर रहा था, इस स्थिति से निपटने के लिए उन्होंने खुद संबल उठा कर संवेदनशील की मिशाल कायम कर दी। देखते देखते विशाल जन समूह एकत्रित हो गया। इस दौरान ग्राम पंचायत के सचिव ओंकार व्दिवेदी प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के उपयंत्री भी उपस्थित हो कर बाढ की स्थिति से निपटने के लिये जुट गए। विदित होवे की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में जो पुल निर्मित किया गया था, जिससे बरसात का पानी पूरी तरह से नहीं निकल पा रहा था, जिस वजह से बाढ का पानी लोगों के घरों में घुसने लगा था, जिसके लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने एक नया पुल बनाने का काम शुरू करा दिया और पुल बना के पानी निकासी की समस्या से निजात दिलाया गया। इसी तरह वार्ड क्रमांक 14 में ग्राम पंचायत की नाली जो कि भूमि के कारण विवादित थी, वहाँ पर पहुँच कर आनन फानन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने भूमि विवाद सुलझा कर तत्काल पानी निकासी कराया गया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अम्बिकेश प्रताप सिंह ने लगातार दस घंटे तक बरसते पानी में जो साहसिक कदम उठाया है उससे उनके इस संवेदनशील कार्य शैली की चहुओर सराहना हो रही है। शुरू से ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अपने कुशल कार्य क्षमता के लिए पहले से ख्यातिप्राप्त कर चुके हैं।

## सीनियर सिटीजन एसोसिएशन ने मेधावी छात्र-छात्राओं और समाजसेवियों का किया सम्मान

शहडोल।



काबिल बनो,सफलता कदम चूमेगी,लेकिन इसके लिए मेहनत करनी पड़ेगी।इच्छा शक्ति हो तो सब कुछ संभव है, परिस्थितियां चाहे जो भी हों।कुछ ऐसा काम करिए की स्वयं से शहडोल की पहचान बने। उकताशय के उदगार रविवार सीनियर सिटीजन्न एसोसिएशन द्वारा आयोजित मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में ओरियंट पेपर मेल के सीईओ सीएस काशीकार ने कही।आयोजन में मुख्यअतिथि श्री काशीकर ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे सीनियर सीटिजन ने अपने कार्यक्रम में बुलाया और सम्मान दिया।यह आयोजन प्रतिभाओं के सम्मान के लिए है,तो मैं सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों से कहना चाहता हूं कि इच्छा शक्ति के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़े, सफलता अवश्य मिलेगा।इसका उदाहरण शहडोल की सिमरन साहू हैं,जो बिना कोचिंग के घर में पढ़ाई करते हुए यूपीएससी की परीक्षा दूसरे एटेम्ट में पास करके आईएएस बन गई हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एसोसिएशन के अध्यक्ष एमएल मंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ संस्कार भी होना चाहिए।घर,समाज का भी बच्चें ध्यान रखे और आगे बढ़ते हुए देश व जिले के विकास में सहभागी बनें।एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष छोटेलाल सरावगी ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान करते हुए मुझे गौरव महसूस हो रहा।खासकर सिमरन साहू जैसी प्रतिभाओं से हमारा मान बढ़ा है,मै सभी को बधाई देता हूं।एसोसिएसन के सहसचिव अरुण अग्रवाल ने अतिथियों और प्रतिभाओं का परिचय कराया। कार्यक्रम का संचालन मृत्युंजय सिंह ने किया जबकि आभार कमल मूदड़ा ने भी सहयोग किया।इस मौके पर सिमरन साहू ने भी प्रतिभाओं का उत्साह बढ़ाया।

### इन प्रतिभाओ का किया सम्मान

यूपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाली सिमरन साहू सहित 14 मेधावी छात्रों और विचारपुर के फुटवाल खिलाडिय़ों का सम्मान किया गया।वहीं समाजसेवियों में डा.एससी त्रिपाठी एवं कॉन्ट्रेटर महेश अग्रवाल को सम्मानित किया गया।सम्मानित होने वालों में प्रदेश की प्रवीण्य सूची में शामिल हीना बंजारा और सौम्या तिवारी के अलावा जिले की मैरिट में स्थान पाने वाले कलश गुप्ता,आशीष को सम्मानित किया गया है।साथ ही मेधावी छात्र योगेंद्र कुशवाहा तिशा जासूजा,प्रियंक शलवार,दीवांश कौर,प्रीति गोयल,मो.उमश अंसार,वंशिका अहूजा,गुडिया सिंह,प्रीति बैगा,अब्दुल रसीद खान सम्मान्ति किए गए।सम्मानित होने वालों ज्ञानोदय,टामइ पब्लिक,क्रेंद्रीय विद्यायल,महर्षि विद्यामंदिर,कांनवेंट स्कूल, कन्या हायरसेंकेंडरी स्कूल और एमएलबी स्कूल के विद्यार्थी शामिल रहे।

### इनकी रही प्रमुख उपस्थित

डा.एके श्रीवास्तव,एमआर गोयल,डा.जीडी सिंह,राधेश्याम शुक्ला,एसके सिंह परवार, राजकुमार सिंह,रा जेंद्र अग्रवाल,गौरीशंकर गुप्ता,अमरनाथ सिंधानिया,योगेश अग्रवाल,डा.पवन मूदड़ा, महेंद्र श्रीवास्वत, शरद झवेरी, सुभाषचंद्र वासुदेव, डॉ.उमेश नामदेव, डॉ.जीएस परिहार,एके मोहंती,सुरेंद्र अग्रवाल,दीपक ढोड़ी,तेजबली सिंह,रेखा सिंह सहित बड़ी संख्या में अभिभाव एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एनसीसी कैडेट्स ने रची देश भक्ति से ओत-प्रोत 'द अनटोल्ड' पुस्तक

शहडोल।



पंड़ित शंभूनाथ विश्व विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स के युवाओ ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि उनमें न केवल राष्ट्र की सेवा का जज्बा है, बल्कि साहित्यिक अभिव्यक्ति की शक्ति भी है। नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) के उत्साही कैडेट्स द्वारा लिखी गई पुस्तक द अनटोल्ड का गत दिवस विमोचन किया गया, जो देशभक्ति, समर्पण और अनुशासन की अनकही कहानियों का संग्रह है। इस पुस्तक में विभिन्न राज्यों के एनसीसी कैडेट्स ने अपने अनुभवों, राष्ट्र के प्रति निष्ठा, सामाजिक कार्यों में भागीदारी और चुनौतियों से जूझने की प्रेरक कहानियों को साझा किया है। द अनटोल्ड न केवल एनसीसी के प्रशिक्षण और अनुशासन को दर्शाती है, बल्कि युवाओं के दृष्टिकोण से देशभक्ति को भी नई परिभाषा देती है।

इस पहल का उद्देश्य न केवल पाठकों को प्रेरित करना है, बल्कि अन्य युवाओं को भी राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। यह पुस्तक एक मिशन की तरह हैकृजिसमें हर कहानी एक नया संदेश और एक नई सोच लेकर आती है।

एनसीसी कैड्ट्स के श्री गौरव मिश्रा ने बताया कि द अनटोल्ड पुस्तक में 1965 औश्र 1971 के युद्धो में एनसीसी कैडेट्स की भूमिका, उनकी वीरता, अनुषासन और समर्पण, 1948 से पहले के संघर्षों और विचारधाराओ, देश भक्ति के स्लोगन, देष के बलिदान हुए देश भक्तो आदि के बारे में समाहित किया गया है। राहुल सिंह ने बताया कि द अनटोल्ड पुस्तक में कैसे संकट के दौरान एनसीसी ने खुद की जान खतरे मे डालते हुए अपने आप को राष्ट्र के प्रती समर्पित कर दिया तथा देश के युवाओं को अनुशासन, सेवा और राष्ट्रप्रेम की भावना से जोड़े रखा साथ ही इस पुस्तक मे युद्ध के एक ऐसे वीर, निडर व साहसी एनसीसी कैडेट की शौर्यगाथा है

## आज विशेष ध्यान शिविर का आयोजन

शहडोल।

पिरामिड स्पिरिचुअल सोसाइटी ब्रम्हर्षि पत्रीजी की दिव्य प्रेरणा से शहडोल में 7 जुलाई को ध्यान शिविर का आयोजन होने जा रहा है । इस संस्था की ध्यान गुरु दीप्ति नादेल्ला शहडोल में ध्यान शिविर के दौरान लोगों को ध्यान करने के तरीके सिखाएंगी। सोमवार 7 जुलाई सायं 3.30 बजे से 6.30 बजे तक पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर प्रथम मंजिल शहडोल में होगा। गौरी शंकर गुप्ता ने यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि ध्यान से शांत चित्त, क्रोध और तनाव से मुक्ति, शरीर का कायाकल्प, भावनात्मक स्थिरता ,कार्य कुशलता में वृद्धि और संबंधो मे मिठास आती है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नहीं विशेषज्ञ चिकित्सक एवं सर्जन




### भाजपा मंडल महामंत्री ने उपमुख्यमंत्री को सौंपा मांग पत्र

जयसिंहनगर।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की विसंगतियों को लेकर भाजपा मंडल महामंत्री जयसिंहनगर हिमांशु गुप्ता ने 04 जुलाई को जिले के प्रवास पर आये प्रभारी मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल को मांग पत्र सौंपा है। मांग पत्र में उल्लेख है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहनगर की बिल्डिंग करोड़ों रुपए की लागत से बनकर तैयार है, जो विषय विशेषज्ञ चिकित्सक एवं सर्जन के कारण अधूरी है। जनपद पंचायत जयसिंहनगर में 87 ग्राम पंचायत हैं , जिनमें से कुछ ग्राम पंचायतें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लगभग 40-50 किलोमीटर दूर स्थित हैं। कई बार मरीज़ की हालत बिगडऩे पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया जाता है। जहां बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं न मिलने या रेफर किए जाने पर आसपास किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं हैं। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए मरीज को शहडोल जिला अस्पताल या मेडिकल कॉलेज ले जाना पड़ता है, ऐसे में कई बार मरीज़ सडक़ पर ही दम तोड़ देते हैं।

### पदस्थ किए जाएं विषय विशेषज्ञ चिकित्सक?

भाजपा मंडल महामंत्री हिमांशु गुप्ता ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि डॉक्टर राजेश तिवारी के स्थानांतरण के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ नहीं हैं, जबकि स्त्रीरोग विशेषज्ञ और सर्जन भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ नहीं हैं। ऐसे में जयसिंहनगर में स्वास्थ्य सुविधाएं संतोषजनक नहीं हैं। जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल से मांग करते हुए उन्होंने उल्लेखित बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्रीरोग विशेषज्ञ एवं सर्जन की नवीन पद-स्थापना की मांग की है।



## कर्ज से परेशान दंपत्ति फांसी पर झूले

शहडोल।

जिले के बुढार थाना के केशवाही चौकी अंतर्गत ग्राम मजीरा में नवविवाहित दंपती ने लोन चुकाने के दबाव के चलते एक साथ फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, मृतक बोधन सिंह गोंड उम्र 25 वर्ष और उसकी पत्नी उर्मिला सिंह गोंड उम्र 21 वर्ष ने अपने कमरे में फांसी लगाई। बताया जा रहा है कि दंपती ने एक समूह से लोन लिया था और इस लोन की किस्त चुकाने के लिए बोधन के पिता ने अपने बेटे और बहू को डांट लगाई थी। इसके बाद दोनों ने आत्महत्या करने का निर्णय लिया। घटना का पता तब चला जब परिवार के अन्य सदस्य देर रात तक आहट न मिलने पर दरवाजा खटखटाने लगे।

*चौकी प्रभारी आशीष झरिया ने बताया कि हमारे पास जानकारी आई थी कि दंपती ने आत्महत्या की है। जांच की जा रही है और बयान दर्ज किए गए हैं। हमें जानकारी मिली है कि लोन की किस्त चुकाने को लेकर परिवार में तनाव था। शुक्रवार रात बहू और बेटे को ससुर ने फटकार लगाई थी कि जल्द ही किस्त का पैसा जमा करो, जिससे दोनों ने अपने कमरे में जा कर एक रस्सी में फंदा बना लटक गए।मामले में मर्ग कायम किया है।*

*स्थानीय निवासियों और रिश्तेदारों ने बताया कि बोधन और उर्मिला का विवाह केवल एक साल पहले हुआ था, पुलिस का कहना है कि नव विवाहित होने की वजह से मामले की जांच एसडीओपी और अन्य अधिकारी करेंगे शनिवार की सुबह अधिकारियों को मामले से अवगत कराया गया।*



## मवेशियों को पकड़ने के आदेश का पालन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



मुख्य मार्गों में आए दिन हादसों एवं आवागमन बाधित होने के बाद भी बेसहारा मवेशियों को पकड़ा नहीं जा रहा है। जिम्मेदारों की उदासीनता एवं बेपरवाही का आलम यह है कि कलेक्टर के आदेश पर भी अमल नहीं किया जा रहा है। सड़कों में निराश्रित मवेशियों को पकड़ने के लिए कलेक्टर द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गये हैं। बहोरीबंद विकासखंड मे कलेक्टर के प्रतिबंधात्मक आदेश का पालन नहीं हो रहा है। जिस कारण कलेक्टर का आदेश दिखावा बनकर रह गया है। स्लीमनाबाद से बहोरीबंद,पान उमरिया, बिलहरी, कुआँ मार्ग सहित अन्य मार्गो रपर जगह -जगह मवेशियों का जमावड़ा रहता है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर भी सैकड़ों निराश्रित मवेशियों का सड़क पर जमावड़ा लगा रहता है जिससे राहगीरों को दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। गौरतलब है कि कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सड़कों पर धूम रहे गौवंश सहित अन्य निराश्रित मवेशियों को गौशालाओं और सुरक्षित स्थानों पर रखने के आदेश जारी किए लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में अफसर इस अभियान का औपचारिकता निभा रहे है। रात के समय वाहन चालकों द्वारा तेज रफ्तार से वाहन चलाये जाते है जिससे कि निराश्रित मवेशियों की मौत होती है। बारिश के दिनों में आवारा मवेशी कीचड़ से बचने सूखी जगह में बीच रोड पर बैठते हैं। अंधेरा होने या चालक की असावधानी से वाहन मवेशियों से टकराते है। इस वजह से सड़क दुर्घटनाओं की संख्या अधिक होती है। मवेशियों की धमाचौकड़ी से किसान भी परेशान है!

इस संबंध में एसडीएम राकेश चौरसिया ने बताया कि कलेक्टर के द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का विकासखंड मै सख़्ती से पालन कराया जायेगा। सभी ग्राम पंचायते इस अभियान की जवाबदेही निभाए इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जायेंगे! यदि किसी ग्राम पंचायत के द्वारा लाफ़रवाही बरती जाएगी तो संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# बकान जलाशय का केनाल फूटा, डेम के मुख्य गेट से खतरे का अंदेशा

## रखरखाव के अभाव में बकान डेम में पानी भराव, मलवा से पटा जलाशय, जलाशय का केनाल अधिकारियों ने किया बंद, हर वर्ष केनाल टूट जाता है

**भ्रष्ट अधिकारी का है कारनामा, आज भी पानी को तरह रहे किसान**

*ग्राम मौहरी स्थित बकान नदी में निर्मित डेम हर बरसात में जलमग्न हो जाता है, लगभग आठ वर्षो पूर्व भ्रष्ट अधिकारी नंदा की देख-रेख में निर्मित डेम का गेट आज भी खराब है, हर बारिश में केनाल टूट जाती है। सुधार के नाम पर लाखों खर्च कर राशि का बंदरबांट तो कर लिया जाता है, लेकिन जब किसानों को पानी की आवश्यकता होती है तो कभी भी इस डेम से पानी नही मिल पाता है।*







हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जल संसाधन विभाग द्वारा लगभग वर्ष 2017-18 में 24 करोड रूपए की लागत से निर्मित बकान डेम अब लोगों के लिए खतरा बन गया है। निर्मित होते ही डेम का गेट खराब हो गया था, जिसका आज भी सुधार नही किया गया, जिसके कारण बरसात मौसम के पूर्व पानी को खाली कर गाद (नीचे की मिट्टी) नही निकाली है। वर्तमान में गेट सहित केनाल तक मिट्टी दिखाई दे रहा है और पानी का भराव स्तर कम हो गया है। किसानों की शिकायत पर दर्जनों बार अधिकारी भ्रमण में पहुंचे है, परंतु औपचारिकता पूरी कर लौट आते है। वर्तमान में ग्रामीण व किसान बकान डेम से कोई बडा हादसा न हो जाये सहमें हुए है।

### हजारों किसान होंगे प्रभावित

बीते दो दिनो से रूक-रूक कर हो रही बारिश में बकान जलाशय का मुख्य गेट किनारे से टूट गया, लेकिन जिम्मेदार देखने के बाद भी लापरवाह तत्कालीन उपयंत्री के विरूद्व किसी प्रकार की कोई कार्यवाही करने को तैयार नही। हालांकि यह जलाशय बरसात में पहली बार नही टूटा, हर एक बरसात में कहीं केनाल टूटती है तो कही इसका गेट धरासायी हो जाता है। इसका नतीजा किसानों को फसल में पानी देने के दौरान परेशान होकर भुगतना पडता है। उधर किसानों ने इस बात की जानकारी दी कि 24 करोड की लागत से बनाये गये जलाशय से उन्हें कभी भी सिंचाई के लिए पानी नही मिल पाया, उसकी वजह तकनीकी खामिया है, जो तत्कालीन उपयंत्री के द्वारा खुद की जेब भरने के लिए आडे तिरछे कार्य किये गये।

### कभी नहीं हटाई गई गाद

बरसात के पूर्व जिला प्रशासन द्वारा हर एक जलाशय की साफ-सफाई करने के निर्देश तो दिये जाते है, लेकिन बकान जलाशय की गाद कभी न हटाने के कारण वह पूरी तरह से जम गई, जिसके कारण यहां जल भराव अब नाम का होता है और इससे किसानों को कोई लाभ नही हो जाता। ऐसा नही कि प्रभावित किसानों ने समस्या से जल संसाधन विभाग व जिला प्रशासन को अवगत नही कराया, कई मर्तबा स्थानीय जागरूक प्रतिनिधियों के साथ किसान कलेक्टर के दरबार तक पहुंचे, लेकिन लापरवाह तत्कालीन उपयंत्री पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नही की गई, जबकि उपयंत्री होने के बाद वर्तमान में जिले के पुष्पराजगढ अनुविभाग में एसडीओ के पद पर पदस्थ है।

### भ्रष्टाचार के 18 वर्ष पूरे

नाबालिक से बालिक आयु शासन ने 18 वर्ष मानी है, कुछ ऐसा ही के साथ यहां हुआ, कि जब वह बतौर उपयंत्री जल संसाधन विभाग में पदस्थ हुए तो सेवाकाल के पहले वर्ष में थे, उसके बाद सतत वह यहां अपनी सेवाए देने के साथ विभागीय कार्यो में भ्रष्टाचार करते रहे, आज अनूपपुर जिले में वह लगभग 18 वर्षो पदस्थ होकर इस भ्रष्टाचार में पूर्णतः बालिक हो गये है। ऐसे में अब शायद विभाग भी उन पर कार्यवाही करने से कतरा रहा है, क्योकि जब वह बालिक है तो शायद विभाग के अन्य भ्रष्टाचारियों को भली भांति पहचानने के साथ ही उनके हरेक कमजोर नशों को समझते है। बहरहाल बकान जलाशय के प्रभावित किसानों को न्यायप्रिय कलेक्टर हर्षल पंचोली से पूरी उम्मीद है कि वह इसकी जांच कराते हुए भ्रष्टाचार को अंजाम देने वाले अपने कार्य में बालिक हो चुके उपयंत्री के विरूद्व कठोर कार्यवाही करते हुए जलाशय का जीर्णोद्वार कराते हुए किसानों को उन्नत फसल उत्पादन के लिए सिंचाई की व्यवस्था करायेंगे।

# बारिश के मौसम में खतरे की घंटी, अनूपपुर जिला में स्वैच्छिक रुप में कार्य कर रहे सर्प मित्रों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज अनुपपुर।

बरसात का समय आते ही अन्य स्थानों की तरह अनूपपुर जिले में भी विभिन्न प्रकार के सर्पो का निकलना बहुतायत मात्रा में प्रारम्भ हो गया है। इससे आए दिन विभिन्न प्रकार के सर्पो के आम जनो के घरो एवं घरो के आसपास आहार की तलाश में आ जाने की सूचनाएं मिलती है। अनूपपुर जिले भर में काफी सर्प प्रहरियों की जमात है। जिनके मोबाइल नंबर इस प्रकार हैं, जिससे संपर्क कर समस्या का समाधान पा सकते हैं। बस आवश्यकता है आप अपने आसपास के सर्प प्रहरी को उनके नंबर पर कॉल जरूर करें। अनूपपुर जिला मुख्यालय में शशिधर अग्रवाल, निवासी वार्ड नंबर 11, अनूपपुर मोबाइल नंबर- 94258 89873, छोटेलाल यादव निवासी वार्ड नंबर 11, अनूपपुर मोबा. 9009142848, मनोज यादव निवासी ग्राम मेडियारास मोबा.7804893036,



धर्मेन्द यादव निवासी ग्राम मेडियारास मोबा.7440923525, नवीन महादिक निवासी ग्राम चचाई मोबा.7000437824, सोनू प्रजापति निवासी रेस्क्यू कालोनी, अमलाई मोबा. 82518 98686, दुर्गेश महरा निवासी ग्राम पयारी नम्बर 01, फुनगा मोबा.9302508603, आकाश यादव निवासी देवरी, अमलई मोबा.8251086165, भोला प्रसाद मिंज निवासी जमुना कालरी मोबा. 9993915198, द्वारिका प्रसाद सेन निवासी जैतहरी मोबा. 8871175286, देवराज कोल निवासी ठेंगरहा, गोबरी/जैतहरी मोबा. 8817821467, रितुराज सिंह निवासी वेंकटनगर मोबा. 7566992062, हरिवंश प्रसाद पटेल निवासी कोतमा मोबा.8305468650, मनोज यादव निवासी राजनगर मोबा.7470951593, भास्कर कुमार वर्मे निवासी ईगाविवि पोडकी, अमरकंटक मोबा.8349193296, विकाश चन्देल निवासी पोडकी, अमरकंटक मोबा. 9179644263, वरूण उपाध्याय निवासी अमरकंटक मोबा.7999573600, अतुल तिवारी निवासी अमरकंटक मोबा.8817229367 प्रमुख है।

# बारिश की बूंदे खेती के लिए अमृत तुल्य हैं, रोपा लगाने में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष जिले में अब तक 1783.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। यह किसानो के लिए सबसे सुखद माना जा रहा है। किसान बड़े उत्साह के साथ खेती किसानी में जुटे हुए हैं। जिले के अधिकांस क्षेत्रों में किसानों ने रोपा लगाना शुरु कर दिया है। जिले में शुक्रवार की सुबह से ही रिमझिम रिमझिम बारिश का दौर शुरु हो गया जो दूसरे दिन शनिवार को पूरा दिन जारी हैं। यह बारिश खेती किसानी के साथ ही भू जलस्तर के लिए भी सबसे उपयुक्त मानी जा रही है। बारिश का यह सिलसिला पिछले दो दिन से जारी है, इससे नदी व तालाबों के जलस्तर में भी बढ़ोत्तरी हुई है। बारिश का असर मुख्यालय में भी देखने मिला। शहर के कुछ मार्गों में सुबह से जलभराव की स्थिति बनी रही। अण्डर ब्रिज के अलावा अन्य क्षेत्रों में सड़क पर पानी भरा रहा।

### तापमान में गिरावट

जिले में रिमझिम बारिश का सिलसिला लगातार जारी है। घने बादल छाए हुए हैं और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, आज पूरे दिन बारिश होती रहेगी। जिससे जिले का अधिकतम तापमान गिरकर 27 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली हैं।

### बीते 24 घंटे में जिले में 44.7 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर के अनुसार शनिवार को जिले में बीते 24 घंटे में 44.7 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर में 48.2, कोतमा में 44, बिजुरी में 27.6, जैतहरी में 84.2, वेंकटनगर में 58 , पुष्पराजगढ़ में 40 , अमरकंटक में 18 तथा बेनीबारी में 37.6 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई ।

### अब तक 1783 मिमी वर्षा

जिले में 1 जून से 5 जुलाई के बीच कुल वर्षा 1783.5 मिमी और 222.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले वर्ष अब तक कुल वर्षा 1751.4 मिमी व औसत वर्षा 218.9 मिमी दर्ज की गई थी। जिले में पिछले वर्ष की तुलना में कुल 31.6 मिमी अधिक वर्षा हुई है।

जिले में हो रही बारिश किसानों के लिए फायदेमंद है। किसानों का कहना है कि धान की रोपाई के लिए खेतों का भरना जरूरी थी। इतनी बारिश हो गई है कि खेतों में पर्याप्त पानी नजर आने लगा है। क्षेत्र के कई किसानों ने रोपा लगाने का काम प्रारंभ भी कर दिया है। वहीं जिन किसानों का रोपा तैयार हो रहा है, वह खेत तैयार करने के साथ ही अन्य फसलों की बोनी व खेती बाड़ी के अन्य कार्य में जुटे हुए हैं।

# भालूमाड़ा पुलिस ने अभ्यासरत पेशेवर आरोपी जेगुआर उर्फ प्रियांसू सिंह को गिरफ्ता कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज अनुपपुर।

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी तथा अनु.अधि. कोतमा (पुलिस) श्रीमती आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में थाना भालूमाड़ा पुलिस द्वारा थाना प्रभारी निरी. संजय खलको के नेतृत्व में अभ्यासरत पेशेवर आरोपी जेगुआर उर्फ प्रियासु सिंह पिता मनोज सिंह उम्र 25 साल निवासी हालो ब्लाक वार्ड नं0 17 भालूमाडा जिसके खिलाफ थाना भालूमाडा में कई अपराध पंजीबद्ध है थाना भालूमाडा के अप.क्र. 121/25 धारा 126(2), 119(1), 296, 115(2), 351(3) बी0एन0एस0 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2)(वी)(ए) एस0सी0/एस0टी0 एक्ट में फरार था जो आज दिनांक 06/07/2025 को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहाँ से आरोपी को जेल भेजा गया है। अहम भूमिका - थाना प्रभारी भालूमाडा निरी संजय खलको, उप निरी. सोने सिंह परस्ते, जे.पी. लकडा, प्र आर कृपालसिंह 208, आर. 217 प्रवीण भगत, आर. 501 स्वदेश सिंह चौहान, आर देवेंद्र तिवारी की रही।



# बारिश की फुहारों के बीच सादगी के साथ मनाया गया मुहर्रम पर्व

हरिभूमि न्यूज अनुपपुर/कोतमा









इमाम हुसैन और उनके अनुआई की शहादत की याद में दुनियाभर में शिया मुस्लिम मुहर्रम मनाते हैं। इमाम हुसैन, पैगंबर मोहम्मद के नाती थे, जो कर्बला की जंग में शहीद माने हुए थे। 6 जुलाई को मुस्लिम समुदाय का मातमी पर्व मोहर्रम जिलेभर बारिश की फुहारों के बीच सादगी के साथ मनाया गया। जहां धर्म के मानने वाले लोगों ने आशुरा की नमाज अदा करते हुए अमन और शांति की दुआएं मांगी। जिलेभर में लोगों ने सैकड़ों की संख्या में मौजूदगी दर्ज कराते हुए ताजिए का जुलूस निकाला और कर्बला को ठंडा किया। जिले के 6 स्थानों में 18 ताजिए का जुलूस निकाला गया। अनूपपुर जिला मुख्यालय में 4 ताजिया बनाई गई। इसके अलावा जैतहरी के वेंकटरनगर चौंकी में 1, भालूमाड़ा में 3, कोतमा में 6, बिजुरी में 3, रामनगर में 1 सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी ताजिया का जुलूस निकाला गया जहां या अली या हुसैन के नारे लगाते हुए बाबाओं की सवारी भी निकली गई। इस दौरान सभी धर्म के लोग जुलूस में शामिल हुए। वहीं जुलूस में शामिल युवाओं ने विभिन्न प्रकार के हैरत अंगेज कलाओं का प्रदर्शन किया। वहीं सुरक्षा के लिए 25 फिक्स प्वाईंट और 5 पेट्रोलिंग वाहन के साथ 150 अमला तैनात किया गया हैं। अनूपपुर में पुरानी सब्जी मंडी के पास से शुरू हुआ ताजिया का जुलूस स्टेशन चौक होते हुए बस स्टैंड पहुंचा, जहां बस स्टैंड ताजिया कमेटी की ओर से अलाव के कार्यक्रम का एहतराम किया गया। पारंपरिक हथियारों से लैस अकीदतमंदों ने विभिन्न प्रकार के खेलों का प्रदर्शन विभिन्न मार्गों पर किया। जिसमें लाठी, डंडा और तलवार के खेलों का प्रदर्शन शामिल रहा। मान्यता के अनुसार आशुरा के दिन इमाम हुसैन का कर्बला की लड़ाई में सिर कलम कर दिया था और उनकी याद में इस दिन जुलूस और ताजिया निकालने की रिवायत है। आशुरा के दिन रोजा-नमाज के साथ इस दिन ताजियों अखाडों को दफन या ठंडा कर मातम मनाते हैं।

भालूमाड़ा में भी मातमी पर्व मोहर्रम का त्योहार अकीदत और अदब के साथ मनाते हुए अमन और शांति की दुआएं मांगी गई। माहे मोहर्रम की दसवीं तारीख जिसे मुस्लिम समाज योमे आशूरा के रूप में मनाता है, के दिन ही कर्बला के मैदान में पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत हुसैन और उनके 72 जांनिसार साथियों ने शहादत पेश कर दीन इस्लाम को बुलंदी बख्शी थी। शरीयत का तहफ्ज किया था। इससे पूर्व शनिवार की शाम मस्जिदों में ताजिया रखी गई। जहां लोगों ने इबादत की फातिया किया गया। वहीं लोगों ने लंगर बांटे। इस दौरान देर रात तक लोगों का आने का सिलसिला जारी रहा और हर कोई शांति भाईचारा की दुआएं मांगे।

### 25 फिक्स प्वाईंट और 5 पेट्रोलिंग वाहन के साथ 150 अमला तैनात

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी ने बताया कि जिलेभर में 18 ताजिए निकाले गए। सुरक्षा व्यवस्थाओं के लिए 25 फिक्स प्वाईंट तैयार किए गए थे। इसके अलावा 5 पेट्रोलिंग वाहन के साथ 150 जवानों को भी तैनात किया गया था। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला मुख्यालय सहित क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को दिशा निर्देश देते रहे। वहीं सभी थाना क्षेत्रों के स्थानीय बलों के साथ अनूपपुर, कोतमा और राजेन्द्रग्राम में एसडीओपी को सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

कोतमा नगर के साथ ही कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मोहर्रम का पर्व मनाया गया। मोहर्रम को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। इमाम हुसैन के बलिदान को याद करते हुए मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मुहर्रम में जुलूस निकाला। इस्लाम के लिए कर्बला में इमाम हुसैन के दिए बलिदान को याद किया। बता दें कि इसे गम का महीना कहा जाता है। पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद के नाती हजरत इमाम हुसैन समेत कर्बला के 72 शहीदों की शहादत की याद में मुस्लिम समाज खासकर शिया समुदाय मातम मनाता है और जुलूस निकालता है। बताया जाता है कि आज से 1400 साल पहले इमाम हुसैन ने कुर्बानी दी थी उसी को याद करते हुए विश्व भर में इस्लाम को मानने वालों ने इमाम हुसैन के रास्ते पर चलने की कसम उठाई है, इसी संकल्प के साथ हर साल उनको याद किया जाता है। इंसानियत को जिंदा रखने के लिए ही कर्बला में कुर्बानी दी गई थी।

इस दौरान शिया समुदाय के लोगों द्वारा मुहर्रम माह के नौवें या दसवें दिन को रोजा रखा जाता है। मुहर्रम के जुलूस के साथ ताजिए दफन किए जाते हैं। पहले दिन अपने शरीर पर मार-मारकर खून बहाया जाता था अब ऐसा नहीं किया जाता। मुहर्रम के मौके पर जिले में इमाम हुसैन की शहादत को लेकर मातम किया गया। प्रशासन की ओर से जुलूस को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए थे। रविवार को सुबह से ही दिनभर झमाझम बारिश होने के बाद भी मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा मोहर्रम पर ताजिया जुलूस निकाला गया। नौवीं मोहर्रम की रात शबे आशूर के मौके पर शनिवार को अलम शबे-आशूर के मौके पर जिसे कत्ल की रात भी कहा जाता है। निर्माणाधीन जगह से ताजिये को उठाकर पुराना स्टेट बैंक चौक बनिया टोला तिराहा एवं इस्लाम गंज इमाम चौक टैक्सी स्टैंड में रखा गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने 9 मोहर्रम को जगह जगह लंगर का इंतजाम भी किया गया था।

### निकाली गई ताजिया

मोहर्रम पर्व को लेकर पुराना स्टेट बैंक चौक से ताजिया का मातमी जुलूस निकाला गया। बारिश होने के बाद भी ताजिया जुलूस नगर के पोस्ट ऑफिस रोड, गुरुद्वारा रोड, आजाद चौक, गांधी चौक होते हुए स्टेशन चौक, बनिया टोला से इस्लामगंज पहुंचा और उसके बाद ताजिए को थाना परिसर में रखने के पश्चात वहां से उसे कर्बला में ले जाकर ताजिए को ठंडा किया गया।

# भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा का सफल आयोजन



इस्कॉन केंद्र प्रमुख एवं प्रभारी ने किया आभार

हरिभूमि न्यूज अनुपपुर। अनूपपुर की धरती पर पहली बार भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा नगर एवं ग्रामीणों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस्कॉन केंद्र के प्रमुख एवं प्रभारी चैतन्य मनोहर दास एवं प्रशांत पांडे ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा माता की असीम कृपा से सफलता पूर्वक रथ यात्रा महोत्सव 2025 का आयोजन संपन्न हो सका। उन्होंने कहा कि यह आयोजन आप सभी भक्तों, सेवकों, प्रशासन, पुलिस, नगरवासी और समर्पित सहयोगियों के प्रेम, परिश्रम और आस्था से संभव हो पाया। आपका समय, सेवा, सहयोग और निष्ठा भगवान जगन्नाथ की सेवा में अद्वितीय रहा।आपका एक-एक योगदान हमें इस महोत्सव को दिव्य स्वरूप देने में सहायक रहा। आप सभी का हृदय से धन्यवाद एवं आभार, जय जगन्नाथ।

# दस्तावेज और पैसे लेने के बाद भी नहीं मिला विद्युत कनेक्शन, उपभोक्ता ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज अनुपपुर।



मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कोतमा वितरण केन्द्र अंतर्गत ग्राम लतार निवासी अमित तिवारी को नया विद्युत कनेक्शन लेने के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। बताया गया कि अमित तिवारी ने कंपनी द्वारा मांगे गए सभी आवश्यक दस्तावेज एवं शुल्क समय पर जमा कर दिए थे, इसके बावजूद उन्हें कनेक्शन देने से इंकार कर दिया गया। कंपनी का तर्क है कि अमित तिवारी के भाई के नाम पर पहले से एक कनेक्शन मौजूद है, जबकि अमित का कहना है कि वे अपने भाई से अलग रहते हैं और अलग मकान में निवास करते हैं। इसके बावजूद कंपनी ने उन्हें बार-बार चक्कर कटवाए और अंत में कनेक्शन देने से मना कर दिया। अमित तिवारी ने इस अनियमितता के खिलाफ सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई है और जल्द से जल्द नया विद्युत कनेक्शन देने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर कनेक्शन देना ही नहीं था तो दस्तावेज और पैसे क्यों लिए गए? अमित ने इसे उपभोक्ता के साथ अन्याय बताया है और अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।